विचारार्थ विषय

परामर्शदाता - आरसीएच - कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना / (दो पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा तैयार वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना का विश्लेषण और मूल्यांकन करना
- स्वास्थ्य योजनाओं के विकास में राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करके वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना और राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार उनके कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में मौद्रिक आवश्यकता को दर्शाना।
- आरएमएनसीएच+ए गतिविधियों के लिए आवश्यकता आधारित और वित्तीय योजना में सहायता प्रदान करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों का योजना संबंधी दौरा करना।
- राज्य/ संघ कार्यक्रम प्रबंधकों के साथ आरसीएच कार्यक्रम के प्राथमिक संपर्क के तौर पर कार्य करना और राज्यों के कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं को समय पर प्रस्तुत करने हेतु उनके साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संगत इनपुट प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आरसीएच कार्यक्रम के तहत विभिन्न तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के भीतर आंतरिक निरंतरता सुनिश्चित करना और तकनीकी प्रभाग द्वारा निर्मित प्रचालन दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का अनुपालन करना।
- तकनीकी प्रभागों से प्राप्त सभी इनपुट और टिप्पणी का समेकन करना तथा राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संशोधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को इस संबंध में सूचित करना।
- पीआईपी को अंतिम रुप देने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के दौरान राज्य पीआईपी की विस्तृत समीक्षा हेतु व्यापक पीआईपी मूल्यांकन नोट तैयार करना।
- तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करते हुए एनपीसीसी बैठकों के दौरान विचार विमर्श और लिए गए निर्णय के आधार पर आरसीएच कार्यक्रम के कार्यवाही दस्तावेज(आरओपी) का मसौदा तैयार करना।

- सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों हेतु आरओपी को अंतिम रुप देने के लिए एनएचएम के योजना प्रभाग के साथ कार्य करना।
- कार्यक्रम संबंधी आवश्यकता के आधार पर आरसीएच अनुपूरक प्रस्ताव को समय पर प्रस्तुत करने तथा नई पहल आरंभ करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क रखना।
- अतिरिक्त वित्तपोषण के अनुमोदन हेतु तथा उपलब्ध निधियों के पुनर्विनियोजन हेतु /राज्य संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक प्रस्तावों की जांच करना तथा उन्हें निपटाना।
- राज्यों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का आकलन करने तथा सेवा प्रदान करने में आने वाली बाधाओं की पहचान और उनका समाधान करने के लिए उपयुक्त उपायों के सुझाव देने के लिए एनएचएम के सामान्य समीक्षा मिशन में भाग लेना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए अन्य कार्यों को करना।
- ऊपर दिए गए सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

पात्रता:

- किसी प्रख्यात और मान्यता प्राप्त संस्थान से सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर अथवा एमबीए।
- आरसीएच कार्यक्रम के समग्र प्रबंधन में कम से कम 4- 6 वर्षों का अर्हता पश्चात कार्य का अनुभव, जिसमें से 3-4 वर्ष राष्ट्रीय या राज्य सरकार में किसी सर्वोच्च पद पर कार्य किया हो, तथा राज्य आरसीएच कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के विश्लेषण का अनुभव हो।
- बहु विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- अत्यधिक दबाव में और समयबद्ध तरीके से कार्य करने का उत्कृष्ट समन्वय कौशल तथा क्षमता।
- एमएस वर्ल्ड, एक्सेल , पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- परियोजनाओं की समय-सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।

- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आरसीएच कार्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।
- यदि विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होगा तो औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयुः दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिकः प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
स्थानः दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.rchpip@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणीः

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***